भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1423

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

सुरक्षा संबंधी व्यय

†1423. श्रीमती रीता तराईः

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2005-2006 से 2014-15 की अवधि के लिए सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजनाओं के अंतर्गत राज्यों को 19184.67 लाख रुपए अब तक जारी नहीं किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है; और

(ग) राज्य सरकारों को उक्त धनराशि जारी करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू)

(क) से (ग): सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के अंतर्गत, जम्मू एवं कश्मीर राज्य सरकार, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों तथा सिक्किम एवं मिजोरम को छोड़कर पूर्वोत्तर राज्यों को सुरक्षा संबंधी व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है।

इन राज्यों के एसआरई संबंधी दावों की प्रतिपूर्ति सिर्फ एसआरई दिशा-निर्देशों के अंतर्गत मान्य मदों के लिए और गृह मंत्रालय के आंतरिक लेखापरीक्षा विंग द्वारा एसआरई संबंधी दावों के संगत दस्तावेजों की जांच के उपरांत की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2005-06 से 2014-15 के दौरान, संबंधित राज्यों को भारत सरकार द्वारा कुल 6282.01 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।